मानव संसाधन प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली -110075

शुद्धिपत्र

(पंजाब नैशनल बैंक में मुक्त बाजार से अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ पदों पर 06 विशेषज्ञ कार्यपालकों की भर्ती के संबंध में हमारी अधिसूचना दिनांक 17.12.2021 के आंशिक संशोधन के संबंध में)

मुख्य जोखिम अधिकारी [पद कोड 01] के पद के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता को निम्नानुसार संशोधित किया गया है:

पद कोड	पद	01.07.2021 तक आयु	17.12.2021 तक शैक्षिक योग्यता	17.12.2021 तक कार्य अनुभव और अन्य शर्तें
01	**मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ)**	**न्यूनतम – 45 वर्ष** **अधिकतम – 55 वर्ष**	**(i) अनिवार्यता:** स्नातक डिग्री के साथ – (1) ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ रिस्क प्रोफेशनल्स से वित्तीय जोखिम प्रबंधन में व्यावसायिक प्रमाण-पत्र, या (2) पीआरएमआईए संस्थान से व्यावसायिक जोखिम प्रबंधन प्रमाण-पत्र; या **(3) ऐसे विनियमित ऋणदाताओं में मुख्य जोखिम अधिकारी के रूप में दो वर्ष का अनुभव जिसके संबंध में बोर्ड की स्वीकृति के साथ मुख्य जोखिम अधिकारी को नियुक्त करने की नियामक आवश्यकता हो।** **(ii) वांछनीय:** (1) सीएफए संस्थान द्वारा प्रदत्त चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट चार्टर के धारक, या (2) भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान या विदेश में समकक्ष संस्थान द्वारा सनदी लेखाकार के रूप में नामित, या (3) भारतीय लागत लेखाकार संस्थान या विदेश में समकक्ष संस्थान द्वारा लागत एवं प्रबंधन लेखाकार के रूप में नामित।	ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, तरलता जोखिम, ब्याज दर जोखिम, अन्य स्तंभ II जोखिम और विदेशी परिचालन और समूह संस्थाओं से उत्पन्न होने वाले जोखिम की पर्याप्त जानकारी के साथ किसी बैंक (भारतीय / विदेशी) / वित्तीय संस्थान के साथ अनुभव। विश्लेषिकी में अनुभव एक अतिरिक्त लाभ होगा. **अनिवार्य अनुभव:** एक या एक से अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सहायक महाप्रबंधक या उससे ऊपर के स्तर पर कॉर्पोरेट ऋण एवं जोखिम प्रबंधन में 05 वर्ष का अनुभव या एक या एक से अधिक विनियमित ऋण देने वाली इकाई में समान भूमिकायें और उत्तरदायित्व के साथ कॉर्पोरेट ऋण में एक वर्ष का तथा जोखिम प्रबंधन में एक वर्ष का न्यूनतम अनुभव । **वांछनीय अनुभव:** बाजार जोखिम और/या चलनिधि प्रबंधन और/या परिचालन जोखिम की अच्छी समझ के साथ विश्लेषिकी में अनावृत्ति (exposure) एक अतिरिक्त वांछनीय अनुभव

- उपर्युक्त शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों से नए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शेष निबंधन एवं शर्तें समान ही रहेंगी जैसा हमारी भर्ती अधिसूचना दिनांक 17.12.2021 के माध्यम से विज्ञापित हैं।
- वे आवेदक जिन्होंने हमारी भर्ती अधिसूचना दिनांक 17.12.2021 के प्रत्युत्तर में मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) के पद के लिए आवेदन किया था, उन्हें नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है तथापि हमारे विज्ञापन दिनांक 17.12.2021 के माध्यम से निर्दिष्ट निबंधनों एवं शर्तों के अनुरूप पाए जाने पर ही उनके प्राप्त आवेदनों पर भर्ती प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा ।
- पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकते हैं जो बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in - लिंक (recruitment) पर उपलब्ध है, । कृपया इसके साथ निम्न की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न करें:
    - जन्म तिथि का प्रमाण
    - शैक्षिक प्रमाणपत्र/ अंक पत्र
    - प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र (क्षेत्र और सेवा की अवधि उल्लिखित हो)
    - बायोडाटा (Curriculum Vitae)

विधिवत भरा हुआ आवेदन हमें अधिकतम दिनांक **26.08.2022** तक प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी एक सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत/ स्पीड पोस्ट द्वारा में भेजी जानी चाहिए जिस पर लिखा हो:

"मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) के पद के लिए आवेदन" तथा इसे प्रेषित करें:

"महाप्रबंधक - एचआरएमडी
पंजाब नैशनल बैंक
मानव संसाधन प्रभाग
प्रथम तल, वेस्ट विंग, कॉर्पोरेट कार्यालय
सेक्टर 10, द्वारका
नई दिल्ली - 110075"

दिनांक :03.08.2022
महाप्रबंधक (एचआरडी)